## एक नजर में



### निगम संसाधनों में शामिल हुए 6 नवीन वाहन

**उज्जैन।** नगर निगम के संसाधनों में राशि रुपए 04 .68 करोड़ की लागत से शामिल हुए 06 नए वाहनों का लोकार्पण महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, एमआईसी सदस्य दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, शिवेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र कुवाल, झोन अध्यक्ष सुरेन्द्र मेहर, संग्राम सिंह भाटिया एवं प्रभारी आयुक्त पवन कुमार सिंह की उपस्थिति में फीता काट कर पूजन अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने कहा कि आज हमारे द्वारा आज 4 .68 करोड़ की लागत के 6 नवीन वाहनों का लोकार्पण किया गया है। आपने कहा कि आपको ज्ञात होगा कि विगत वर्ष मुख्यमंत्री ने अपने शहर की सूक्ष्म से सूक्ष्म समस्या का ध्यान रखते हुए शहर के चेम्बरों की सफाई के लिए भोपाल से सीवर मशीन कर्मचारियों सहित पहुंचाई थी अब निगम द्वारा 70 लाख से नवीन सीवर मशीन अपने संसाधनों में शामिल की गई है। जिससे शहर के बड़े चेम्बरों की सफाई की जा सकेगी। साथ ही 98 लाख की लागत की 2 नवीन जेसीबी तथा 3 करोड़ की लागत की 3 नवीन रोड स्वीपिंग मशीनों का भी आज हमारे द्वारा लोकार्पण किया गया। महापौर ने कहा कि आज निगम के संसाधनों में 6 नवीन वाहन सम्मिलित हुए हैं। जिनका उपयोग शहर की सफाई व्यवस्था में किया जाएगा। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप शहर में निरंतर विकास कार्य हो रहे इसी क्रम आज हमारे द्वारा 4 .68 करोड़ की 6 नवीन वाहनों का लोकार्पण किया गया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम एवं स्वच्छ भारत अभियान अन्तर्गत 3 करोड़ की लागत से तीन मैकेनिक रोड स्वीपिंग मशीन 5 क्यूबिक मीटर, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम अन्तर्गत 70 लाख की लागत से सीवर सक्शन कम जेटिंग मशीन तथा निगम मद से 98 लाख की लागत से बैक हो लोडर विथ राक ब्रेकर मशीन खरीदी गई है। इस दौरान पार्षद आभा कुशवाहा, निर्मला करण परमार, नीलम राजा कालरा, बबीता घनश्याम गौड़, दिलीप परमार, रामेश्वर दुबे, गजेंद्र हिरवे, राजेंद्र गब्बर कुवाल, नगर उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल, आनंद खींची, मुकेश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता रूप पमनानी, ओम जैन, डॉ रवि सोलंकी, वीरेंद्र कावड़िया, पार्षद प्रतिनिधि गोपाल बलवानी, गौरव सेंगर, सर्व कल्याण शिवहरे, पंकज मिश्रा, उमेश सेंगर, बलराम जी, घनश्याम राठौर, श्रीमती प्रमिला यादव, सुभारती प्रपन्ना, सुटीना गुजराती, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, संजेश गुप्ता, मनोज मौर्य, जनसम्पर्क अधिकारी पवन कुमार, वर्कशॉप विभाग से रवि राठौर, कृष्णा भूरिया, उमेश बैंस उपस्थित रहे।

### 30 और 31 मई को पिलायेंगे स्वर्ण प्राशन ड्राप

**उज्जैन।** महीने के अंत में पुष्य नक्षत्र पर 30 और 31 मई को जीरो से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पिलाया जाएगा। डॉ. हर्षवर्धन धाकड़ ने बताया कि जो बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के साथ ही बच्चों के दिमाग, पाचन शक्ति, शरीर की ताकत तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहयोग करता है। हर प्रकार की बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान कर जीवन रक्षा करता है। जिससे मौसम में उलटफेर पर बच्चे जल्दी बीमार नहीं पड़ते हैं। जो बच्चे लगातार स्वर्ण प्राशन करते हैं तब कभी बीमार पड़ने पर जल्द ही ठीक हो जाते हैं। इस पुष्य नक्षत्र पर स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पिलाने के लिए अमृत आयुर्वेदिक चिकित्सा केंद्र 13 गुरु नानक मार्केट फ्रीगंज पर रजिस्ट्रेशन कराने के उपरांत 30 और 31 मई को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बच्चों को स्वर्णप्राशन और बड़ों को स्वर्ण कल्प पिलाया जाएगा। डॉ. हर्षवर्धन धाकड़ ने बताया कि बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पिलाने के समान ही बड़ों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्लांट मेडिसिन के साथ स्वर्ण भस्म मिलाकर स्वर्णकल्प तैयार कर चटाया जाएगा। जो हर उम्र वर्ग के भाई-बहन, युवा पीढ़ी, महिलाएं, बड़े बुजुर्गों के पाचन शक्ति, कमजोरी, आलस, शरीर दर्द, माइग्रेन, बीपी, शुगर, गला सूखना तथा पुरानी नाना प्रकार की समस्याओं की रोकथाम के लिए कराया जाएगा। सुवर्णकल्प आयु वर्ग 20-100 वर्ष के रोग ग्रस्त या स्वस्थ व्यक्ति को दिया जा सकता है। बड़ों को स्वर्ण से मिश्रित औषधीय देने का पहला प्रयास किया है इसका लाभ हर आयु वर्ग के स्त्री-पुरुष अवश्य लेवें। सभी के स्वास्थ्य कि जांच कर शरीर के बल, वजन और रोगी अनुसार मात्रा तय कर स्वर्ण कल्प चटाया जाएगा।

### 8 दिवसीय 75वां पूज्य श्री पारब्रह्म मेला प्रारंभ

**उज्जैन।** वरुणदेव अखण्ड ज्योति मन्दिर गीता कॉलोनी में पू. पारब्रह्म मेला प्रोग्राम एवम छड़ी की स्थापना गणेश पूजन, गादी नीशान श्री घनश्यामनाथ महाराज, कन्या भोज, पूज्य बहराणा प्रसाद वितरण के साथ 8 दिवसीय 75वां पूज्य श्री पारब्रह्म मेला प्रारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मेले में आज 29 मई को सत्संग महिला मंडल द्वारा, 30 मई को हवन होम (पं. लीलाराम शर्मा), ब्रह्मभोज (झूलेलाल मंदिर), 31 मई को पू. छडी की परिक्रमा सिंधी शहनाई से छत्री चौक, टंकी चौराहा सराफा, मोहन टॉकीज, गीता कॉलोनी, नयापुरा, लीला शाह कॉलोनी में, पू. छड़ी साहब 1 जून को परिक्रमा फ्रीगंज तथा 2 जून को पू. छडी की परिक्रमा सिंधी शहनाई से इन्दिरा नगर, वीर नगर, कमल कॉलोनी पटेल नगर में होगा। पारब्रह्म मेले के पुजारी हरीश नाथ गोस्वामी, मंदिर अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी, चंदीराम जेठवानी,पवन खुबानी, मनीष तेजवानी, गोपाल राचवानी,जयकिशन राजवानी, अशोक राजवानी ने भक्तों से मेले में पधारकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध किया है। पार ब्रह्म का मेला सिंध पाकिस्तान में लगता था और लगता है। जहां मेला लगता था वहां रेगिस्तान था ना पानी का बंदोबस्त नाही रास्ते में आने जाने की सोहलत। जब भी संत पार ब्रह्म साहब पाकिस्तान में मेला लगता था तो कुएं में अपने आप पानी मीठा आ जाता था और सड़कें अपने आप साफ हो जाती थी। उस रेगिस्तान इलाके में सांप और बिच्छू उस इलाके में बहुत रहते थे। जब भी मेला लगता था तो सब बिच्छू भी अपने अपने घर से नहीं निकलते थे। मेले में ना चोरी होती थी ना ही लूटमार होती थी। आए हुए भक्तों की इच्छा पूरी होती थी और अभी होती है। उज्जैन में भी 74 साल से मेला लग रहा है। पार ब्रह्म साहब शिव अवतारी थे। आज भी उनके त्रिशूल की पूजा होती है।

### अभिभाषकों की नियुक्ति निगम हित में की जाए

**उज्जैन।** बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल ने विधि विभाग की समीक्षा बैठक प्रभारी सदस्य अनिल गुप्ता, उपायुक्त मनोज मौर्य, विभाग प्रभारी साधना चौधरी के साथ करते हुए कहा कि नगर निगम के माननीय न्यायालय में जो लंबित प्रकरणों के लिए अभिभाषकों की नियुक्ति की जानी है। वह निगम हित में हो ताकि शहर हित में सकारात्मक फैसला निगम के पक्ष में आए। साथ ही अभिभाषकों की नियुक्ति पश्चात कानून के दायरे में रहकर कार्य करने हेतु शपथ पत्र भी भरवा जाकर इस प्रकार की व्यवस्था बनाई जाए। समीक्षा बैठक अंतर्गत महापौर ने विधि विभाग के अधिकारियों से पूछा कि न्यायालय प्रकरणों के अंतर्गत जो स्टे प्राप्त होते हैं उन्हें स्टे वेकेंट की कार्रवाई न्यायालय प्रकरणों क्यों नहीं कर पाते हैं ना ही समय से जवाब दे पाते हैं। जिससे निगम की छवि धूमिल होती है इसके लिए ऐसे अभिभाषकों की नियुक्ति की जाए। जो नगर निगम के प्रकरणों को अच्छे से न्यायालय में निगम का पक्ष रख सकें और उन पर सकारात्मक फैसला निगम हित में आए और एक अच्छी छवि बने, श्रम न्यायालय के प्रकरणों में ऐसे अभिभाषकों की नियुक्ति हो जो इस विषय पर जानकार हो।

### उज्जैन जिले में औसत 3 .2 मि.मी. वर्षा दर्ज

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय भूअभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में उज्जैन जिले में औसत 3 .2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई। इसमें घट्टिया में 9 .0 मि.मी., महिदपुर में 2 .0 मि.मी, झारडा में 6 .3 मि.मी. और तराना में 11 .3 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून 2024 से 28 मई 2025 तक जिले में औसत 975 .1 मि.मी वर्षा दर्ज की गई है।

# क्षिप्रा तट पर 29 किलोमीटर नए घाट तक पहुंचने की राह नहीं आसान

## एप्रोच रोड का भी करना होगा प्रावधान, सैकड़ों कब्जे श्रद्धालुओं के आएंगे आड़े, जल संसाधन की पी आई यू विंग को लगाना पड़ेंगे संकेतक

**उज्जैन। जल संसाधन विभाग की पीआईयू विंग 29 किलोमीटर लंबे घाट का निर्माण तो 800 करोड़ रुपए की लागत से कर ही रही है। बावजूद इसके वहां तक श्रद्धालु स्नान करने के लिए सिंहस्थ महाकुंभ के दौरान कैसे पहुंचेंगे इसके लिए भी एप्रोच रोड का प्रावधान करना होगा, वरना इतनी बड़ी सौगात का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा।**



नवभारत ने जब बुधवार को 29 किलोमीटर घाट निर्माण के संबंध में जानकारी जुटाई तो पता चला कि पूरा प्लान निर्माण से जुड़ा हुआ फाइनल किया गया है। इसमें तमाम तरह की खामियां निर्माण के बाद भी आ सकती है ऐसे में समय रहते इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

उज्जैन में 29 किलोमीटर घाट भूमिपूजन के तहत कार्यक्रम स्थल अंगारेश्वर मंदिर रहेगा। यहां जन प्रतिनिधि अधिकारी शामिल होंगे। कलेक्टर रोशन सिंह, निगम सभापति कलावती यादव, महापौर मुकेश टटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, एसपी प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त आशीष पाठक, एसडीएम एलएन गर्ग, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा, विकास प्राधिकरण सीईओ संदीप सोनी सहित अन्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे 150.69 करोड़ रुपए से शिप्रा नदी के दायें तट पर इंदौर रोड ब्रिज त्रिवेणी के पास से भूखी माता मंदिर के सामने तक घाट निर्माण होगा। साथ ही 134.86 करोड़ रुपए से गोठडा से शनि मंदिर तक कान्ह नदी के दोनों तटों पर घाट निर्माण किए जाएंगे। शिप्रा नदी के बाएं तट पर वीआइपी घाट के डाउन स्ट्रीम में जीवनखेड़ी ब्रज तक घाट निर्माण होगा। 154.68 करोड़ रुपए से शिप्रा नदी के बाएं तट भी घाट निर्माण होगा।

**इनका कहना है**

हर 500 मीटर की दूरी पर 15 मीटर चौड़े एंट्रेस मार्ग बनाए जा रहे हैं। जो प्लान बनाया गया है उसी के अनुरूप 29 किलोमीटर घाट का निर्माण किया जा रहा है।

**-मयंक परमार ,एसडीओ जल संसाधन**

### कुंभ के किसी कार्य का भूमिपूजन प्रधानमंत्री के हाथों पहली बार

महाकुंभ 2028 की तैयारी उज्जैन में जोर-जोर से प्रारंभ हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सपना है कि सिंहस्थ भव्य पैमाने पर आयोजित किया जाए। इसके लिए ऐसा पहली बार होगा कि कोई प्रधानमंत्री सिंहस्थ के किसी कार्य का भूमि पूजन करेंगे। हालांकि 3 साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकाल लोक का लोकार्पण 11 अक्टूबर 2022 को किया था। 29 किलोमीटर घाट का भूमिपूजन प्रधानमंत्री के हाथों किए जाने से शहर वासी भी रोमांचित है। 31 मई को वर्चुअली जुड़कर उज्जैन को नए घाटों की सौगात प्रधानमंत्री देंगे जो कि आगामी कुंभ में देश भर से आने वाले भक्तों लिए काम आयेंगे। कान्ह और शिप्रा नदी पर बनाए जाने वाले घाटों पर रामघाट के जैसे रेड स्टोन लाल पत्थर से घाट बनाए जाएंगे। 29 किलोमीटर नए घाट से एक विहंगम नजारा क्षिप्रा तट पर दिखाई देगा। नगर पालिका निगम द्वारा 1.39 करोड़ रुपए की लागत से कालियादेह स्टॉप डेम के मरम्मत के कार्य का भूमि पूजन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से किया जाएगा।

### ग्रीन बेल्ट पर भूमाफियाओं के कब्जे

जल संसाधन विभाग की पीआईयू विंग जब 29 किलोमीटर लंबे घाट निर्माण के लिए मौके पर पहुंची तो पता चला कि ग्रीन बेल्ट पर मकान, दुकान होटल आदि ऐसे पक्के निर्माण कर लिए गए हैं। ऐसे में मुख्य मार्ग से नदी तक पहुंचने के लिए जगह-जगह एप्रोच रोड चाहिए कि वरना श्रद्धालु, साधु संत भटक जाएंगे। स्नान करने के लिए करोड़ों खर्च करना तभी सार्थक होगा तब ठीक से एप्रोच रोड नदी और घाट तक पहुंचाने के लिए मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को वर्चुअली जुड़कर सिंहस्थ कुंभ महापर्व के लिए 778 .91 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 29 किमी लंबे घाट निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे। साथ ही 83 .39 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले बैराज, स्टॉप डेम का भी भूमि पूजन भी किया जाएगा। मोदी 31 मई को राजधानी भोपाल आएंगे। देवी अहिल्याबाई की 300वीं जन्म जयंती के मौके पर जंबूरी मैदान में महिला सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में करीब एक लाख महिलाएं शामिल होंगी। वहीं भोपाल से उज्जैन के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री वर्चुअल तौर पर जुड़ेंगे, और 29 किलोमीटर घाट की सौगात देंगे।

# खरसौदकलां के युवक ने शिप्रा नदी में कूदकर की आत्महत्या

## किराए के मकान से लापता होने पर भाई ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी

**उज्जैन। आर्मी की तैयारी कर रहा युवक लापता हो गया था। काफी ढूंढने के बाद भी जब वह नहीं मिला तो परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लेकिन बाद में पता चला कि बीती शाम शिप्रा नदी से युवक की लाश मिली। बुधवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। मामला आत्महत्या का होना सामने आया है।**

ग्राम खरसौदकलां का रहने वाला राजा पिता मुकेश चौरड़िया 18 वर्ष आर्मी की तैयारी कर रहा था। गांव से आकर उसने बागपुरा में किराये का मकान लिया था। उसका भाई संदीप भी साथ रहने आ गया था। 26 मई की रात अचानक राजा लापता हो गया। भाई ने उसकी तलाश की। नहीं मिलने पर माधवनगर थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस उसकी तलाश कर पाती तभी बीती शाम शिप्रा नदी से एक युवक की लाश मिलना सामने आया। छोटी रपट के समीप पानी में दिखाई दी लाश को पुलिस ने बाहर निकाला। मृतक टी-शर्ट और बरमुडा पहने था। उसके पास पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। महाकाल थाना पुलिस ने पहचान के लिए सभी थानों पर उसका फोटो भेजा।

माधवनगर पुलिस ने फोटो देख मृतक की पहचान राजा के रूप में करते हुए भाई संदीप को जानकारी दी। भाई घटना स्थल पहुंचा और लाश की शिनाख्त भाई के रूप में कर ली। बुधवार सुबह महाकाल थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजन वजह स्पष्ट नहीं कर पाए हैं। बयान और जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि राजा ने नदी में कूदकर आत्महत्या क्यों की।

### रिक्शा चालक पर पांच लोगों ने किया चाकू से हमला



उज्जैन। घर के सामने बच्चों की बात पर दो पक्षों में विवाद होता देख युवक बीच-बचाव करने पहुंचा तो कुछ लोगों ने मिलकर चाकू से हमला कर दिया। युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसके सीने में चाकू का गहरा घाव लगा है। नागझिरी क्षेत्र के मटन मार्केट के समीप रहने वाला फैजान पिता मकसूद ऑटो रिक्शा चलाता है। देर रात समीप रहने वाले दो परिवारों के बीच बच्चों को लेकर विवाद हो गया था। आपस में दोनों परिवारों को झगड़ा करता देख फैजान बीच बचाव के लिए पहुंचा तभी उस पर राजेन्द्र, किट्टू, कार्तिक, यश और दगडू ने मिलकर हमला कर दिया। फैजान को लात-घूसों से पीटा गया। वहीं मारपीट करने वालों में शामिल एक ने सीने में चाकू भी घोंप दिया। मामले की जानकारी लगते ही नागझिरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले में सभी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कार की तलाशी लेने पर बरामद की गई 6 पेटी अवैध शराब



**उज्जैन। सर्कल भ्रमण पर निकली पुलिस ने रात 1.30 बजे कार को रोका और तलाशी ली तो उसमें शराब की पेटियां भरी होना सामने आई। पूछताछ में शराब परिवहन संबंधी दस्तावेज नहीं होने पर अवैध पाई गई। शराब के साथ पुलिस ने कार जब्त कर मामले में प्रकरण दर्ज किया है।**

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि रात में पुलिस द्वारा सर्कल भ्रमण किया जा रहा था। जीवनपुरखेड़ा मार्ग पर नौलखी पार्क के समीप कार क्रमांक एमपी-13 सीसी 2184 दिखाई दी। जिसे रोका गया और चालक से पूछताछ की गई। उसने अपना नाम श्रेयस पिता सुभाष राव निवासी गायत्री नगर होना बताया। कार की तलाशी लेने पर पुलिस टीम को उसमें रखी शराब की 6 पेटियां मिल गई। शराब संबंधित परिवहन को लेकर दस्तावेज मांगे गए जिस पर चालक श्रेयस दिखा नहीं पाया। अवैध शराब होने पर पुलिस ने चालक को हिरासत में लेने के साथ कार जब्त की है। पुलिस के अनुसार जप्त की गई 6 पेटी शराब 33 हजार रुपए की होना सामने आई है। जप्त कार की कीमत 6 लाख रुपए है। श्रेयस के खिलाफ आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

### बोलेरो में भरी थी 3 पेटी शराब

ग्राम सगवाली बस स्टैंड पर रात को कार लेकर पहुंचे युवक की सूचना मिलने पर महिदपुर रोड पुलिस ने घेराबंदी की। मुखबिर ने बताया था कि बोलेरो के माध्यम से अवैध शराब ले जाई जा रही है। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया और बोलेरो की तलाशी ली। उसमें 3 पेटी शराब की रखी होना सामने आई। पुलिस के अनुसार 12 हजार की शराब बरामद होने पर चालक भरत पिता प्रभुसिंह सौंधिया निवासी छज्जूखेड़ी को गिरफ्तार किया गया है। बोलेरो जप्त कर ली गई है। शराब कहां से लाई गई इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# 5 .5 लाख रुपए के बिके वाहन, आज फिर होगी नीलामी

## नीलगंगा थाना परिसर में 250 में से 37 वाहनों की लगी बोली

**उज्जैन।** घटना दुर्घटना और अपराधों में सालों पहले जप्त वाहनों को नीलम किए जाने की प्रक्रिया पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में शुरू की गई है। बुधवार को नीलगंगा थाना परिसर में वाहनों की बोली लगाई गई। 250 वाहनों में से 37 वाहन लोगों द्वारा खरीदे गए शेष वाहनों की नीलामी के लिए आज फिर पुलिस बोली लगायेगी।



नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि सालों से जप्त वाहनों को पीडब्ल्यूडी विभाग के मूल्यांकन के पास नीलम किया जा रहा है। थाना परिसर में ढाई सौ के लगभग वाहनों की बोली दोपहर 1 बजे शुरू हुई। नीलाम किया जा रहे हैं वाहनों में दो पहिया, चार पहिया, मिनी बस और ट्रैक्टर ट्राली शामिल है। नीलामी की प्रक्रिया में 95 लोगों ने भाग लिया। चार पहिया वाहन से बोली शुरू की गई थी। प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी में सबसे अधिक बोली लगने वाले से तत्काल राशि जमा कराई गई। नील गंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि थाना परिसर में ढाई सौ वाहनों को नीलाम किया जाना है। बुधवार को 37 वाहनों की नीलामी पूरी हो गई शासन को 5 लाख 5 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। शेष वाहनों की नीलामी गुरुवार को की जाएगी। विदित हो कि मंगलवार को माधवनगर, नागझिरी, नानाखेड़ा, महाकाल और बड़नगर थाने पर भी वाहनों की नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई थी। सोमवार को खाराकुआं खाने पर 38 वाहन नीलाम किए गए थे। नीलामी से प्राप्त होने वाला राजस्व राजकोष में जमा किया जा रहा है। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि जिले के सभी थाना परिसर में सालों से जप्त वाहनों को आगामी दिनों में नीलम किया जाएगा।

### वार्ड 39 में नालियों पर से निगम ने हटाया अतिक्रमण

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम द्वारा शहर से निरंतर अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश के क्रम में की जा रही है। जिसके क्रम में बुधवार को वार्ड क्रमांक 39 स्थित किशनपुरा क्षेत्र की छोटी गलियों में नालियों पर क्षेत्र के रहवासियों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई भवन निरीक्षक सौम्या चतुर्वेदी द्वारा हैमर मशीन के माध्यम से की गई। जिससे नालियों की साफ सफाई सुचारू रूप से हो सकेगी तथा जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी। इसी के साथ माधव नगर अस्पताल के सामने से नाली पर रखी सांची की गुमटी हटाई जाने की कार्रवाई भवन निरीक्षक मुकुल मेश्राम एवं गैंग प्रभारी राज गोडाले द्वारा की गई। साथ ही इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से प्रशांति धाम तक फुटपाथ पर लगी अवैध गुमटियां एवं हाथ ठेले को हटाए जाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण हटाने से पूर्व क्षेत्र में नगर निगम द्वारा मुनादी करवाई गई थी कि अपना समान स्वयं हटा ले अन्यथा निगम द्वारा सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**महाकाल में दान** — पुजारी की प्रेरणा से आए दान के बाद मंदिर समिति ने किया भक्त का सम्मान

# अहमदाबाद से आए और महाकाल को चढ़ा गए चांदी के बिस्किट

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में गुजरात के अहमदाबाद से आए भक्त दशरथ भाई गोवर्धन दास पटेल ने समिति सदस्य एवं पुजारी प्रदीप गुरु की प्रेरणा से चार चांदी के चौरस (बिस्किट) चढ़ाए। जिसका कुल वजन 1500.200 ग्राम है। पूजन के बाद भक्त ने चारों बिस्किट नंदीहॉल में जाकर मंदिर प्रबंध समिति को सौंप दिए। समिति ने दानदाता को विधिवत रसीद प्रदान कर उनका सम्मान किया।



उल्लेखनीय की पुजारी प्रदीप गुरु अपने यजमानों से पूर्व में भी मंदिर में कई किलो चांदी का दान करवा चुके हैं। उक्त चांदी गर्भगृह से लेकर विभिन्न प्रकल्पों में मंदिर प्रबंध समिति ने उपयोग में ली है।

### मंगलनाथ में 1 दिन में साढ़े 3 लाख की आय

मंगलनाथ मंदिर में भौमवती अमावस्या के संयोग में एक ही दिन में उमड़े श्रद्धालुओं की पूजन से समिति को साढ़े 3 लाख रुपए की आय हुई है। समिति के प्रशासक केके पाठक ने बताया कि भातपूजा सहित विभिन्न पूजा की 1700 रसीद समिति ने काटी जिससे 3 लाख 50 हजार 300 रुपए आय हुई। समिति ने 100 रुपए की टिकट कटाकर श्रद्धालुओं को शीघ्र दर्शन की सुविधा भी दी। दिव्यांग एवं बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए व्हीलचेयर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। दर्शनार्थियों की की समिति ने मंदिर में काउंटर से कंप्यूटर से रसीद भी बनाई।

### बगलामुखी मंदिर दिव्य प्रेम में नजर आएगा



उज्जैन की भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी द्वारा भैरवगढ़ रोड पर निर्मित किया गया प्रसिद्ध बगलामुखी धाम मंदिर अब टीवी पर प्रसारित धारावाहिक में भी दिखेगा। सन नियो टीवी पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक दिव्य प्रेम की शूटिंग के लिए 50 कलाकारों की टीम बगलामुखी धाम पहुंची थी। टीम ने मंदिर में होली का दृश्य फिल्माया है। यह धारावाहिक प्यार और रहस्य की कहानी पर आधारित है जो कि जल्द प्रसारित किया जाएगा।